Title: Need for early functioning of telephone exchange in Pune district, Maharashtra.

श्री अशोक नामदेवराव मोहोल (खेड़) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान गांवों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करवाने की नीति की ओर दिलाना चाहता हूं। महोदय, सरकार की नीति के अनुसार देश के सभी गांवों को सन २००० तक टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए, किन्तु यह सर्वविदित है कि अभी भी ७० प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां टेलीफोन की सुविधा के दूर-देर तक दर्शन नहीं हैं जबकि निर्धारित समयावधि समाप्त होने में केवल एक वर्ष बाकी रह गया है। महोदय, महाराष्ट्र के पूना जिले के अंतर्गत लगभग ६० प्रतिशत गांव टेलीफोन सुविधा से वंचित हैं। जिले के कई गांवों के लिए टेलीफोन एक्सचेन्ज तो मंजूर कर लिये गए हैं, किन्तु उनको शुरू करने के लिए आवश्यक सामग्री तथा धन उपलब्ध नहीं करवाया गया है और इस तरह से वे ऐक्सचेन्ज सिर्फ कागजों तक ही सीमित हो गए हैं। महोदय, पूना जिले में जो मौजूदा टेलीफोन ऐक्सचेन्ज हैं, वे भी अपने क्षेत्र की मांग की पूर्ति नहीं कर पाते हैं क्योंकि उन ऐक्सचेन्जों की क्षमता काफी कम है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि पूना जिले के लिए मंजूर किये गए सभी टेलीफोन ऐक्सचेन्जों की आवश्यक सामग्री एवं धन उपलब्ध करवाकर शीघ्रातिशीघ्र शुरू करवाएं।